हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

मंगलवार, 18 अक्तूबर 2011, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 16 संस्करण

www.livehindustan.com

शिक्षकों को शोध पर ध्यान देना चाहिए: जयराम रमेश

ग्रेटर नोएडा | कार्यालय संवाददाता

वार्षिक सम्मेलन

- यूपीयूईए के कार्यक्रम में बिमटेक कॉलेज में पहुंचे केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री जयराम रमेश

बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी में चल रहे यूपीयूईए के वार्षिक सम्मेलन में सोमवार को पहुंचे केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री जयराम रमेश ने कहा कि यूपी देश का सेंटर प्वाइंट है। यूपी का समग्र विकास देश के लिए एक बड़ी चुनौती है।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों में सक्षम शिक्षकों का अभाव है। शिक्षकों को शोध पर ध्यान देना चाहिए। रमेश ने उत्तर व दक्षिण भारत के राज्यों की तुलना की। कहा कि दक्षिण भारत के राज्य सरकारी योजनाओं को लागू करने में कहीं आगे हैं। दक्षिण के राज्यों में शिक्षा स्तर उत्तर भारत के मुकाबले बहुत अच्छा है। बिमटेक कॉलेज के प्रोफेसर ए सहाय, एके शर्मा, आईआईटी कानपुर के डॉ. सीबी सिंह, अध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग बुंदेलखंड विवि जैसे प्रमुख वक्ताओं ने भाग लिया। उसके बाद भारत में कृषि व खाद्य सुरक्ष विकास विषय पर पैनल चर्चा में प्रो. बीएल पंडित, पूर्व प्रधान अर्थशास्त्र विभाग दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनोमिक्स के प्रोफेसर एवी शुक्ला, बिमटेक कॉलेज के प्रो. डीके नोरियाल आदि मौजूद थे। मुख्य अतिथि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री जयराम रमेश थे। मौके पर बिमटेक के डायरेक्टर डॉ. एच चतुर्वेदी ने कहा कि यूपी में बेरोजगारी, गरीबी सहित सभी अनेक चुनौती भरे मुद्दे हैं। जिनको हल करने में सालों लग सकते हैं।

ग्रेनो के बिमटेक कॉलेज में यूपीयूईए के कार्यक्रम में सोमवार को भाग लेते केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री जयराम रमेश व अन्य। • देवेंद्र तिवारी